विभिन्न सार्वजनिक डैटाबेस बताते हैं कि आईपी पता, [संख्या लिखें], कोई खुले प्रसारण वाले 'ओपन रिले मेल सर्वर' अथवा 'ओपन प्रोक्सी सर्वर' हो सकते हैं। हम समझते हैं कि आपके पास इस आईपी पते को प्रयोग करने वाला सर्वर है। इस ई-मेल में महत्वपूर्ण जानकारी है जो आपके संस्थान की ऑनलाइन उपस्थिति को प्रभावित कर सकती है।

हम इस ई-मेल को 'ऑपरेशन सिक्योर युअर सर्वर' के हिस्से के रूप में भेज रहे हैं जो कि युनाइटेड स्टेट्स फेडेरल ट्रेड कमीशन तथा विश्व भर की अन्य सरकारी एजेन्सियां, जो अवांछित वाणिज्यिक ई-मेल (स्पाम) में अभिवृद्धि से जुड़ी समस्याओं के बारे में चिन्तित है, का एक संयुक्त प्रोजेक्ट है। हम चाहते हैं कि आप सीखें कि अपने सर्वर्स को सुरक्षित कैसे रखें और अनजाने में स्पाम का स्त्रोत बनने से कैसे बचें। पहले कदम के रूप में हमारा सुझाव है कि आप अपना 'ओपन रिले' या 'ओपन प्रोक्सी' सर्वर बन्द कर दें।

ओपन रिले या ओपन प्रोंक्सी वे सर्वर हैं जो दुनिया में किसी भी कम्प्यूटर को उनके ज़रिये ई-मेल को अन्य इन्टरनेट पतों पर " वापस करने " या भेजने की अनुमति दे देते हैं। खुले प्रसारण (ओपन रिले) या खुली (ओपन) प्रोंक्सियों का अक्सर उन लोगों के द्वारा निजी लाभ हेतु दुरुपयोग किया जाता है जो इन्टरनेट को स्पाम डाक से भर देते हैं। यह दुरुपयोग पूरी दुनिया में उपभोक्ताओं के लिए और साथ ही साथ कानून लागू करने वाली संस्थाओं के लिए तथा आपके संस्थान के लिए परेशानी पैदा करता है। उदाहरण के लिए, ई-मेल प्राप्त करने वाले सोच सकते हैं कि यह स्पाम मेल आपके कम्प्युटर से आती है; अज्ञात तीसरी पार्टियां आपके सर्वर्स और इन्टरनेट सेवा संसाधनों का उपयोग कर सकती हैं; आपके नेटवर्क संयोग में ट्रैफिक की वजह से रुकावट पैदा हो सकती है; आपकी प्रशासनिक लागतें बढ़ सकती हैं; अथवा आपके इन्टरनेट सेवा प्रदाता आपकी इन्टरनेट सेवा बन्द कर सकते हैं। अपने सर्वर को सुरक्षित रखना आपके कम्प्युटर का दुरुपयोग किये जाने से बचाने में आपकी मदद करेगा।

हम, ओपन रिले या ओपन प्रोंक्सियों के बारे में, तथा इस बारे में कि आप अपने संस्थान को इन असुरक्षित सर्वर्स के साथ जुड़े खतरों से कैसे बचायें, जिसमें उन्हें बन्द करने के बारे में कदम दर कदम निर्देश भी शामिल हैं, अतिरिक्त जानकारी प्रदान करते हैं। इस प्रोजेक्ट में भागीदारी कर रही एजेन्सियों की सूची सहित इस पर समर्पित वेब पेज देखने के लिए www.ftc.gov/secureyourserver पर क्लिक करें। अपने ओपन रिले या ओपन प्रोंक्सियों को बन्द करने हेतु निर्देशों पर सीधे जाने के लिए www.ftc.gov/bcp/conline/pubs/buspubs/secureyourserver.htm पर क्लिक करें।

यदि निर्देशों के बारे में या इस पत्र के बारे में आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया secureyourserver@ftc.gov को लिखें।

यह संदेश आप तक अल्बेनिया, अर्जेन्टीना, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्राज़ील, बुल्गारिया, कनाडा, चिली, कोलम्बिया, डेनमार्क, फिनलैंड, हंगरी, [आयरलैंड], जमैका, जापान, दक्षिणी कोरिया, लिथुएनिया, नॉर्वे, पनामा, पेरु, [रूस],

सर्बिआ, [सिंगापुर], स्पेन, स्विटज़रलैंड, ताइवान, युनाइटेड किंग्डम, और युनाइटेड स्टेट्स की प्रतिभागी एजेंसियों द्वारा भेजा गया है।